बर्षः- 06
अंकः- 37
मुरादाबाद
(Thursday)
28 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

सरकार ने पीडीएस को आधुनिक बनाने के लिए मंजूर किए 25530 करोड़ रुपये

केंद्र सरकार ने देश की राशन वितरण प्रणाली यानी पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) में एक बड़े और ऐतिहासिक सुधार का एलान किया है। केंद्रीय कैबिनेट ने पीडीएस को पूरी तरह से आधुनिक बनाने और राशन दुकानों को मजबूत ढांचागत समर्थन देने के लिए 25,530 करोड़ रुपये की लागत वाली सार्थक पीडीएस योजना को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राशन दुकानों को समर्थन देने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को आधुनिक बनाने के लिए 25,530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना मार्च 2031 तक पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार के इस बड़े कदम का सीधा और सकारात्मक असर देश के उन 80 करोड़ नागरिकों पर पड़ेगा जो अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए सरकार के खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पर निर्भर हैं।केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, आज मंत्रिमंडल ने एक ऐसा निर्णय लिया है जो देश के 80 करोड़ नागरिकों को प्रभावित करेगा। जैसा कि आप सभी जानते हैं, भारत वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा खाद्य

सुरक्षा कार्यक्रम चला रहा है।इस खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने बुनियादी राशन उपलब्ध कराया जाता है। यह इतना विशाल कार्यक्रम है कि इसे वैश्विक स्तर पर समावेशी विकास के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जाता है।पहला चरण पहले चरण में सार्थक-पीडीएस योजना के साथ राज्य के भीतर खाद्यान्न परिवहन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही उचित मूल्य की दुकानों के लिए समर्थन का प्रावधान होगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का आधुनिकीकरण से जुड़ी इस योजना का कुल परिव्यय 25,530 करोड़ रुपये होगा। इसकी कुल अवधि पांच वर्ष यानी 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक होगी। दूसरा चरण वैष्णव ने बताया कि पीडिएस को आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट पीडीएस चरण के तहत तीन प्रमुख एआई-सक्षम मॉड्यूल का इस्तेमाल किया जाएगा। ये होंगे- निर्मल- एआई-संचालित वास्तविक समय पीडीएस लाभार्थी रजिस्ट्री। अंतर-मंत्रालय एकीकरण और क्रॉस-स्कीम अभिसरण। आशा- कॉल, व्हाट्सएप, आईवीआरएस और चैटबॉट के माध्यम से बहुभाषी एआई शिकायत निवारण और नागरिक सहभागिता मंच। प्रतिदिन 3 लाख इंटरैक्शन तक स्केलेबल। सक्षम- एआई-सक्षम आपूर्ति शृंखला मंच जिसमें वाहन ट्रैकिंग, क्यूआर ट्रेसिबिलिटी, मांग पूर्वानुमान और मार्ग अनुकूलन शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने योजना के लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि पीडीएस को आधुनिक बनाने से पात्र लाभार्थियों की सटीक पहचान करने और नागरिकों की संतुष्टि में सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आशा-एआई खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चत करने में सहायक होगा। इसके जरिए पसंदीदा भाषा में शिकायतों का तेजी से निवारण किया जा सकेगा। जिससे अनाज की बचत और स्थानीय खरीद को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही अनाज की ढुलाई की दूरी में 15-50त्न की कमी आएगी।बेहतर लॉजिस्टिक्स का इंतजाम होने से 280 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत होगी और कार्बन उत्सर्जन में 35त्न की कमी आएगी। इसके लिए बैग और वाहन लोकेशन सिस्टम के लिए क्यूआर कोड वाले टैग लगाए जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

लालकुआं-बंगलूरू और काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस नियमित, नए नंबर जारी, घटेगा किराया

रेलवे बोर्ड ने दो विशेष ट्रेनों को नियमित दर्जा दिया है। इससे यात्रियों का किराया 35 से 40 फीसदी तक कम हो जाएगा। ये ट्रेनें लालकुआं-बेंगलुरु और काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस हैं। इनके नए नंबर भी जारी किए गए हैं।लंबे समय से विशेष के तौर पर चलाई जा रहीं 05073-74 लालकुआं-बंगलूरू और 09075-76 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस को रेलवे बोर्ड ने नियमित का दर्जा दे दिया है। इसके साथ ही बरेली होकर मुंबई के लिए एक और नियमित गाड़ी व दक्षिण भारत के लिए पहली नियमित गाड़ी मिल गई है। दोनों गाड़ियों के नए नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। नियमित के रूप में संचालन शुरू होने के बाद इन ट्रेनों में किराया 35 से 40 फीसदी तक कम हो जाएगा।21907 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम सुपरफास्ट 27 मई से प्रत्येक बुधवार को सुबह 10ः55 बजे मुंबई सेंट्रल से चलने के बाद दूसरे दिन सुबह 9ः45 बजे बरेली आएगी और दोपहर 1ः50 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। 21908 काठगोदाम मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट 28 मई से प्रत्येक बृहस्पतिवार को काठगोदाम से शाम 5ः30 बजे चलने के बाद रात 8ः15 बजे बरेली आएगी और अगले दिन रात नौ बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। 15302 लालकुआं-बंगलूरू सिटी एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को लालकुआं से शाम 5ः45 बजे चलने के बाद 7ः32 बजे बरेली आएगी और तीसरे दिन दोपहर 3ः25 बजे बंगलुरू सिटी पहुंचेगी।

पीएम मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की मुलाकात

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय चुनाव पदभार संभालने के बाद आज पहली बार दिल्ली पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। विजय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात कर सकते हैं।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने आज अपने पहले दिल्ली दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात की आधिकारिक तस्वीर प्रधानमंत्री कार्यालय के एक्स हैंडल (पीएमओ) पर जारी हुई।

पीएमओ के एक्स हैंडल पर इस मुलाकात के बारे में लिखा गया, %तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।% कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी और विजय की ये मुलाकात 12 वर्षों के बाद हुई है। हालांकि, किसी आधिकारिक बयान में इस तथ्य की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।विधानसभा चुनाव 2026 में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद मुख्यमंत्री बने विजय पहली दिल्ली यात्रा कर रहे हैं।

उनके इस दौरे को लेकर समाचार एजेंसी आईएएनएस ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पीएम मोदी के अलावा वे गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात कर सकते हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में विजय तमिलनाडु के लिए अधिक वित्तीय सहायता और कई अहम इंफ्रास्ट्रक्चर व विकास परियोजनाओं को जल्द मंजूरी देने की मांग से जुड़े ज्ञापन सौंपेंगे। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री बुधवार को दिल्ली रवाना होंगे और उसी दिन चेन्नई लौट सकते हैं।क्यों है यह यात्रा महत्वपूर्ण ?- विजय के केंद्र सरकार से राज्य में बुनियादी ढांचे के विस्तार, लंबित वित्तीय आवंटन, औद्योगिक विकास योजनाओं, कल्याणकारी कार्यक्रमों और प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए अधिक सहयोग मांगने की संभावना है।

माना जा रहा है कि ये परियोजनाएं तमिलनाडु की आर्थिक प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह दौरा राजनीतिक रूप से भी काफी अहम माना जा रहा है। हाल ही में हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में विजय और उनकी पार्टी टीवीके ने राज्य की राजनीति में बड़ा उलटफेर किया। विजय की जीत ने सबकों चौका दिया- अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में टीवीके ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर सभी को चौंका दिया। हालांकि पार्टी बहुमत के आंकड़े 118 सीटों से पीछे रह गई थी, जिसके बाद राज्य में तेज राजनीतिक गतिविधियां शुरू हुईं। बाद में विजय को कांग्रेस, वाम दलों, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और विदुथलाई चिरुथाइगल कत्ची (वीसीके) समेत कई दलों का समर्थन मिला। इसके बाद उन्होंने बहुमत का आंकड़ा पार कर गठबंधन सरकार बनाई। तमिलनाडु में कई दशकों बाद गठबंधन सरकार का गठन हुआ है। राज्य की राजनीति लंबे समय से डीएमके और एआईएडीएमके के नेतृत्व वाली सरकारों के इर्द-गिर्द घूमती रही है, ऐसे में विजय का उदय राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

अखिलेश बोलेः अगले चुनाव में जनता भाजपा को धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी, इनमें अब करंट नहीं रहा

समाजवादी पार्टी प्रमुख ने प्रदेश सरकार पर बिजली संकट, फर्जी एनकाउंटर और खराब कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से नाराज है और अगला चुनाव सरकार के खिलाफ जाएगा। बिजली कटौती, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर प्रदेश की राजनीति लगातार गर्म होती जा रही है।अखिलेश यादव ने बुधवार को फिर से भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने अपने ङ्क अकाउंट से लिखा- अगले चुनाव में जनता भाजपा को धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साजिश है।ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधे पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी। क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं।भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के ख़िलाफ़ चिट्ठी लिखकर, जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। भाजपा में अब करंट नहीं रहा।सरकार अपनी धाक जमाने के लिए फेक एनकाउंटर करा रही

वहीं, मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की थी। उन्होंने कहा था कि पुलिस की कार्यशैली भी सवाल उठाए। कहा कि आजकल फेक एनकाउंटर की खबरें काफी सुनने को आ रही हैं। कई परिवारों ने इस बारे में खुलकर बात की है। इससे पता चलता है कि सरकार फेक एनकाउंटर की साजिश लगातार कर रही है। सरकार की मर्जी के अनुसार फेक एनकाउंटर हो रहा है। अपनी धाक जमाने के लिए यूपी में एनकाउंटर किए जा रहे हैं। ये सरकार जाति देखकर एनकाउंटर करवाती है। सपा सरकार बनते ही केंद्र की भाजपा सरकार गिर जाएगी- अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही केंद्र की भाजपा सरकार भी गिर जाएगी। भाजपा सरकार फेक एनकाउंटर की तरह फेक अर्थव्यवस्था का भी प्रचार कर रही है। डॉलर जितना ऊपर जाएगा, चाय उतनी महंगी होती जाएगी और इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। भाजपा सरकार के 10 वर्षों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए हैं। सबसे अधिक फर्जी एनकाउंटर पीडीए वर्ग के लोगों के हुए हैं और उन्हें धमकाने के उद्देश्य से इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। अखिलेश यादव ने जौनपुर के एक यादव पुजारी के कथित एनकाउंटर का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने संघर्ष करके पुजारी परिवार को न्याय दिलाया और दोषियों को जेल भिजवाया।फर्जी एनकाउंटर करने वाले लोग मानसिक रोगी बन जाते हैं। उन्होंने 2020 हाथरस केस का जिक्र करते हुए कहा कि जो तस्वीर 2020 में हाथरस में देखने को मिली थी, वैसी ही स्थिति अब 2026 में भी दिखाई दे रही है।सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है और सरकार के संरक्षण में फर्जी एनकाउंटर किए जा रहे हैं।

'COEMPT को सीबीएसई का ठेका क्यों और किसके कहने पर दिया? राहुल ने PM मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

सीबीएसई की आंसर शीट जांच में हुई कथित गड़बड़ी का विवाद गहरा गया है और अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने इस पूरे विवाद पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं और कुछ गंभीर सवाल पूछे हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा 12वीं के एक छात्र की आंसर शीट जांच में हुई कथित गड़बड़ी पर खूब विवाद हुआ है, जिसकी सोशल मीडिया पर भी चर्चा है। अब इस विवाद को लेकर राहुल गांधी ने भी केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा कि सीबीएसई परीक्षा परिणाम को लेकर भयंकर हेर-फेर हो गया है, जिससे देश के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह शांत हैं और इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।राहुल गांधी ने सीबीएसई परीक्षा कराने वाली कंपनी COEMPT को ठेका दिए जाने पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने कहा, जिस कंपनी COEMPT को परीक्षा परिणाम की जिम्मेदारी दी गई, वह पहले Globarena नाम से तेलंगाना में 2019 में यही कारनामा कर चुकी है। राहुल गांधी ने कहा, नाम बदला पर नीयत नहीं। इतिहास सबको पता था फिर भी ठेका दिया गया। ऐसी कंपनी के हाथों में 18.5 लाख बच्चों का भविष्य सौंप दिया गया और किसी को फर्क नहीं पड़ा!%राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह गलती नहीं बल्कि एक सोचा-समझा षड़यंत्र है। राहुल गांधी ने सवाल पूछे, 'COEMPT को सीबीएसई का ठेका क्यों और किसके कहने पर दिया गया? COEMPT पहले ही Globarena के नाम से विवादों में घिर चुकी है फिर सीबीएसई को इस बारे में क्यों पता नहीं चला? बैकग्राउंड चेक क्यों नहीं किया गया?% राहुल गांधी ने पूछा कि COEMPT प्रबंधन और मोदी सरकार के बीच क्या संबंध हैं?न्यायिक जांच कराने की मांग- राहुल गांधी ने मांग की कि सीबीएसई विवाद की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराई जाए और एसआईटी का गठन किया जाए। राहुल गांधी ने युवाओं से कहा कि आपकी मेहनत, आपका भविष्य कोई चुरा नहीं पाएगा। हम इस साजिश की तह तक जाएंगे और इस भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेकेंगे।

क्या है विवाद- सीबीएसई की ओर से 12वीं का रिजल्ट जारी होने के बाद कुछ छात्रों ने ऑनस्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम की वजह से कम नंबर दिए जाने का आरोप लगाया था। इसके चलते कई छात्रों का जेईई में एडमिशन भी अटक गया। इसके बाद सीबीएसई ने आंसर शीट के पुनर्मूल्यांकन की सुविधा दी। जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी आंसर शीट का पुनर्मूल्यांकन कराया। ऐसा ही छात्र वेदांत के साथ हुआ

संपादकीय Editorial

The Fifteen Hundred Rupee Guarantee

The larger the government's announcements, the greater the opposition's opposition. Then, in an attempt to ignite a spark, the Himachal government turned the tables. Speculation about decisions during the local body elections was overshadowed when the government, from its own pocket, placed a full guarantee for women. It means the time has come to open the floodgates. The 1500 rupee guarantee, which until yesterday was limited to a few tribes or specific areas, will now be available to every Himachali woman with an annual income of less than two lakh rupees. This means so many women will benefit that the voter list could be shaken. This very signal, this very intention, strikes the opposition as a bolt from the blue, and with the cabinet meeting taking the final moments of the Panchayat Raj elections into account, the BJP has begun searching for electoral gains. However, now every cabinet meeting in Himachal will be weighed against the upcoming assembly elections. All the digging is on one side, and election preparations are on the other. The government will take many crucial decisions on its path to progress within this timeframe and will document the entire trajectory of systemic change. By delving into its historical documents, the Sukhu government will demonstrate its entire journey from incarnation to incarnation. By providing a crucial milestone, a guaranteed monthly payment of fifteen hundred rupees to women, the current government will honestly justify its achievements. The issue here will be neither the simplicity of the budget nor the state's priorities; rather, what was once announced from the election platform has been fulfilled as a promise before the next election. Clearly, the fifteen hundred rupee bet will weaken the BJP's fortunes. Under the Sukhu government, the cabinet meetings are nourishing the state's ambitions and also strengthening its vision. For example, efforts are underway to ensure that every sector receives the necessary resources through the weight of decisions. While nearly eighteen hundred positions are being filled, the youth are being given a crown. While recent achievements in the education sector and improvements in national rankings are progressing, the government is aiming to enhance facilities by aligning the standards of 300 schools under the Himachal Pradesh School Education Board with CBSE standards. It is also changing the perspectives of businesses by allowing shops to operate 24-hours a day. This is expected to transform the transportation sector, including highways and destination tourism. Reversing the previous government's decision, the government is relocating the Chief Engineer's office in Shahanhar, which had been moved from Kangra to Mandi, to Fatehpur. The government has taken policy decisions addressing several other key areas, but each decision demonstrates a strong will. This is the first time in Himachal's history that a government has proven its ability to translate its decisions into reality. The government, which is taking several steps to implement the vision of "Himachal Chandigarh," has acquired 8,000 bighas of land in its name in its report card. Clearly, development is now being focused on large projects, rather than schools, colleges, or medical institutions.

Preventing the resurgence of Maoists

The Modi government is ensuring security and development in Maoist-affected areas, while Union Home Minister Amit Shah has blamed the policies of previous Congress governments for the spread of Maoism. The article emphasizes the historical spread of Maoism, the role of various governments, and the need to prevent its resurgence in the future. The Modi government is focused on security and development in Maoist-affected areas. Shah blamed Congress policies for the rise of Maoism. Vigilance is essential to prevent the Maoists from resurfacing. Having eradicated the scourge of Maoism, the Modi government is now focused on ensuring security and development in Bastar, Union Home Minister Amit Shah blamed Maoism for the lack of development there, saying that non-BJP governments supported the campaign to eradicate Maoism, but the Congress government did not. It is important to consider how this storm, which arose from Naxalbari in Bengal in the 1960s, spread to approximately 150 districts in 14 states. How did the Maoists work to create a Red Corridor from Tirupati to Pashupatinath? Which governments allowed the Maoists, who killed thousands of innocent people, to flourish and promoted them as spoiled children? It's not without reason that PM Modi calls the Congress a supporter of Maoism. Congress has a history of supporting Maoism. It consistently portrayed Maoism as a socio-economic problem. This led to the spread of Maoism in the 1970s and 1980s. In the early 1990s, when the Maoists intensified their violent activities to create the Dandakaranya tribal state by merging Bastar in Chhattisgarh with parts of Odisha, Andhra Pradesh, and Maharashtra, Congress governments remained inactive. Hundreds of soldiers were martyred and innocent civilians were killed. The YSR Reddy government in Andhra Pradesh even held negotiations with the People's War Group in 2004. However, the TDP remained opposed. In 2003, Maoists even attacked then-Chief Minister Chandrababu Naidu. At one time, the Maoists established a junction in the south, which they called the KKT Zonal Committee. KKT stands for Kerala, Karnataka, and Tamil Nadu. The extent of the Maoists' influence in the south can be gauged from the fact that they learned the technique of IED blasts from the LTTE here. The Maoists also inflicted wounds on the Congress party. In 2013, they launched an ambush in the Jhiram Valley in Sukma district, Chhattisgarh, wiping out almost the entire leadership of the state Congress. After this, the Congress party's stance changed slightly, but from 2018 to 2023, the Baghel government in Chhattisgarh did not launch the necessary campaign against the Maoists. When March 31st was the deadline for eliminating Maoism, the Congress government in Telangana declared that no Maoist would be encountered in the state. This explains why, while Maoist encounters were taking place in other parts of the country, not a single major encounter was reported from Telangana. During the Chhattisgarh operation, Maoists were fleeing and taking refuge in the forests of Telangana, so only reports of Maoist surrenders came from there. Operations against Maoists were underway in various parts of the country, but the conflict zone was the forests of Bastar, Dandakaranya, and Abujhmad. This Dandakaranya shares borders with Telangana, Andhra Pradesh, and Odisha. The Maoists had a strong presence here. Abujhmad shares the Gadchiroli-Maharashtra border, which was officially declared Maoist-free last week after Operation Antim Prahar. The Congress party wasn't the only one lenient towards the Maoists. There were also numerous groups sympathetic to them. When Raman Singh's BJP government came to power in Chhattisgarh in 2003, a battalion of the Nagaland Armed Forces was brought to Bastar to train police and paramilitary forces in guerrilla warfare. It, along with Bijapur's Salwa Judum, exerted tremendous pressure on the Maoists. Salwa Judum was a group of villagers who rose up against the Maoists. Between 2005 and 2007, the Naga battalion shook the Maoists' roots. This was unacceptable to Maoist supporters. Leftists raised a hue and cry over the Naga battalion's deployment to Chhattisgarh. Finally, in 2007, it was recalled. This emboldened the Maoists. In 2007, they attacked and set fire to a police camp in Rani Bodli village, Bijapur, burning 55 soldiers alive. In 2010, the Maoists attacked Tarametla in Sukma, killing 76 CRPF personnel. 2010 was a year of the most violence. Maoist supporters also disrupted Salwa Judum, leading to a petition being filed in the Supreme Court. In 2011, Supreme Court Judge B. Sudarshan Reddy declared Salwa Judum illegal. Last year, the Congress nominated this same Sudarshan Reddy for the post of Vice President. Perhaps this is why Home Minister Amit Shah said that those who misled and played a bloody game against tribal people for decades have now conceded defeat, but they will not rest. They may return in disguise. Clearly, we must remain vigilant to ensure that the Maoists do not raise their heads again.

Education and Examinations Under Question

The cancellation of the NEET-UG exam due to the leaked paper has disappointed over 2.2 million students, raising questions about the functioning of the NTA. The NEET-UG paper leak has disappointed over 2.2 million students. The NTA's negligence and the growing influence of the coaching mafia are driving the implementation of the Radhakrishnan Committee's recommendations for exam reform. Recently, upon receiving information about the leak of the NEET-UG exam, the medical college entrance exam, the government decided to cancel and re-conduct it. This has understandably disappointed over 2.2 million students who had already taken the exam. They have been forced to prepare for the same exam again. After taking a competitive exam, students wait for the results without stress. This time, not only has their wait been prolonged, but they also have to prepare for the exam again. It is difficult for any student to take the same exam with the same enthusiasm they once did. The National Testing Agency (NTA), the exam conducting body, faced severe criticism due to its lack of vigilance. Despite this, it was fortunate that the crucial decision to cancel the entire exam was taken to prevent the students' interests from being compromised. Had this paper leak not been exposed or ignored, millions of students would have been wronged. In this case, along with the teachers who prepared the paper, some coaching center owners are also in the dock. The CBI, which is investigating the NEET paper leak, found that the exam papers reached some coaching centers, who then distributed them to various parts of the country, making money. It appears that the coaching mafia has taken control of both education and testing. It should be noted that the coaching mafia has previously leaked papers for several competitive exams. Recently, the Parliamentary Committee of the Ministry of Education summoned top officials of the Ministry of Education, including the Education Secretary, the NTA Chief, and its Director General, in connection with the NEET paper leak. During this period, an attempt was also made to politicize the NEET cancellation issue. This will not work. The Parliamentary Committee should ensure that future arrangements are made to prevent any NTA exam from being compromised. While the Ministry of Education has taken several steps to improve the NTA's system, their progress has been slow. The Radhakrishnan Committee, formed to improve the NTA's functioning after the NEET 2024 irregularities were revealed, has not yet implemented all its recommendations. Now, initiatives are underway to implement them. It would be good if other exam conducting institutions also consider this committee's recommendations, as our country's record of competitive exam paper leaks has become shameful. Why are exam papers not leaked in developed countries? Why does this problem seem to be rooted only in India? Why don't we use the same methods in conducting exams that developed countries have adopted? The Radhakrishnan Committee, formed to reform the NTA, recommended eliminating the process of physically transporting question papers to exam centers to avoid irregularities. Instead, a computer-based exam should be conducted, with question papers digitally sent to exam centers just before the exam begins. This committee suggested conducting the NEET in two phases: the first phase being a screening test and the second phase being the main exam. The committee observed that the NTA relied heavily on outsourcing and contractual staff. In light of this, it recommended recruiting permanent experts. Conducting the exam in accordance with these recommendations will prevent paper leakers, especially the coaching mafia, from sabotaging the exam. In today's AI era, a system can easily be developed to ensure each student receives a unique question paper and prevent dummy candidates from appearing. Since millions of families in India aspire to make their children doctors and engineers, the number of students appearing for these exams is increasing. Coaching centers are capitalizing on this. Coaching centers have sprung up in every city and town. They are luring students to enroll in coaching institutes as early as eighth grade. The growing coaching culture at every level poses a serious question to the education system. Why is it that students previously didn't need coaching for any competitive exams, but now it's becoming increasingly necessary to seek their services even for school-level exams? A vast network of coaching centers has sprung up in India, and neither educational institutions, the government, nor society are able to counter this. While it's right that weak students should receive tuition or coaching, it shouldn't be the case that every student is forced to rely on tuition and coaching. It's worrying that instead of curbing the coaching culture, it is flourishing. This is jeopardizing the very importance of schools and colleges. The new education policy has taken several measures to curb the coaching culture, but it's clear that it will take time, as this policy remains to be fully implemented. Many educational institutions are still lagging behind in implementing the new education policy. Some state governments have also adopted a lukewarm attitude towards this policy. It would be better if intermediate schools, whose students take medical and engineering exams,.

मुरादाबाद में 11 सेक्टर में बांटा ईदगाह क्षेत्र, 100 कैमरों से निगरानी, साढ़े सात बजे होगी बकरीद की नमाज

मुरादाबाद में बकरीदकी नमाज बृहस्पतिवार सुबह ईदगाह में सुबह 7ः30 बजे अदा की जाएगी। इसके साथ ही ईदगाह और मस्जिदों में विशेष तैयारियां की गई हैं। कई मस्जिदों में भीड़ को देखते हुए दो बार नमाज होगी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत ईदगाह और आसपास के क्षेत्र को 11 सेक्टरों में बांटकर 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मुरादाबाद में बकरीद (ईदुल अजहा) की नमाज ईदगाह में बृहस्पतिवार को सुबह 7ः30 बजे अदा की जाएगी। शहर के विभिन्न मस्जिदों में सुबह 5ः40 बजे से 8ः15 बजे तक बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए ईदगाह और मस्जिदों में खास तैयारी की गई है। 28 मई को बकरीद मनाई जाएगी। इसके लिए मुस्लिम इलाकों में जोरशोर से तैयारी चल रही है। शहर से लेकर गांव तक जानवरों के बाजार सज रहे हैं। जहां कुर्बानी के लिए जानवरों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। बकरीद की नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा। शहर की मस्जिदों में बकरीद की नमाज सुबह 5ः40 बजे से हो नमाज की शुरुआत सुबह 5ः40 बजे से हो जाएगी। शहर की अलग-अलग मस्जिदों में अलग-अलग समय पर 8ः15 बजे तक बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। कुछ मस्जिदों में भीड़ को देखते हुए बकरीद की नमाज दो बार अदा की जाएगी। ईदगाह में बकरीद की नमाज सुबह 7ः30 बजे अदा की जाएगी।11 बजे होगी निगरानी- बकरीद की नमाज सेक्टर में बांटा ईदगाह क्षेत्र, 100 कैमरों से को 11 सेक्टर में बांट दिया गया के मद्देनजर ईदगाह और उसके आसपास के क्षेत्र निगरानी की जाएगी। इसके है। इस पूरे क्षेत्र में 100 सीसीटीवी कैमरों से

सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि ईदगाह और उसके आसपास के क्षेत्र को 11 सेक्टरों में बांटा गया है। हर सेक्टर की जिम्मेदारी सीओ और इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों को दी गई है। दस सीओ के नेतृत्व में करीब 500 पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ईदगाह के सामने स्थित बिल्डिंग में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से नियमित निगरानी की जाएगी। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी निगरानी होगी।ईदगाह रोड पर नमाज के दौरान बंद रहेगा यातायात- बकरीद के दिन नमाज के दौरान ईदगाह रोड पर यातायात बंद रहेगा। इसके अलावा 28 मई की छह बजे से दोपहर 12 बजे तक ईदगाह के आसपास वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि रूट डायवर्जन का सख्ती से पालन करने के लिए जगह जगह यातायात पुलिस के सिपाही तैनात रहेंगे और ईदगाह की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरियर भी लगाए जाएंगे।क्रमांक मस्जिद का नाम नमाज का समय 1 रबिया मस्जिद, अकबर फैक्टरी करुला सुबह 5ः40 बजे 2 सुनहरी मस्जिद सुबह 5ः40 बजे 3 मस्जिद ताज वाली, मंडी बांस सुबह 5ः40 बजे 4 मस्जिद चमन, मंडी बांस सुबह 5ः45 बजे 5 मस्जिद बुढ़िया वाली, तहसील स्कूल सुबह 5ः45 बजे 6 इमली वाली मस्जिद, कंबल का ताजिया सुबह 5ः45 बजे 7 मस्जिद मौलाना वाली, टोबैको स्ट्रीट सुबह 5ः45 बजे 8 मस्जिद सलाम, टोबैको स्ट्रीट सुबह 5ः45 बजे 9 बटन वाली मस्जिद सुबह 5ः45 बजे 10 मस्जिद-ए-गौसे आजम, चक्कर की मिलक सुबह 5ः45 बजे 11 गरियो वाली मस्जिद, गलशहीद सुबह 5ः50 बजे 12 होम गार्ड मस्जिद सुबह 5ः50 बजे 13 मस्जिद साएदिया, मंडी बांस सुबह 5ः50 बजे 14 मस्जिद बिलारी, एकता विहार नार्थ सुबह 6ः00 बजे 15 पठानों वाली मस्जिद, भट्टी मोहल्ला सुबह 6ः00 बजे 16 मस्जिद अरफा, जौकी गेट पंडित नगला सुबह 6ः00 बजे 17 मस्जिद-ए-नबवी, जिगर कॉलोनी सुबह 6ः15 बजे 18 जकारिया मस्जिद, सुल्तान हॉस्पिटल के पास सुबह 6ः15 बजे 19 मस्जिद उमर फारुक, वार्ड-20 सुबह 6ः30 बजे 20 अमतुल विहार बिलाल मस्जिद सुबह 6ः30 बजे 21 मदीना मस्जिद, अकबर फैक्टरी करुला सुबह 6ः30 बजे 22 मदरसा दारुल उलूम वादी-ए-हुदा, शहीदाबाद सुबह 6ः30 बजे 23 सायरा मस्जिद, शम्सी कॉलोनी करुला सुबह 6ः30 बजे 24 मस्जिद अरकम सुबह 6ः30 बजे 25 मस्जिद अन-नूर, पीरगैब सुबह 6ः30 बजे 26 मस्जिद कोयल वाली, लाकड़ीवालान सुबह 6ः30 बजे 27 लाल स्कूल वाली मस्जिद, मुगलपुरा सुबह 6ः45 बजे 28 मासूम मस्जिद, तारीख नगर सुबह 7ः00 बजे 29 मक्का मस्जिद, अकबर फैक्टरी करुला सुबह 7ः00 बजे 30 मरकज वाली मस्जिद, सराय पुख्ता सुबह 7ः00 बजे 31 मैदान वाली मस्जिद, रफतपुरा सुबह 7ः00 बजे 32 मदरसा जामिया नईमिया सुबह 7ः15 बजे 33 मस्जिद उमर फारूक, इंद्रा चौक सुबह 7ः30 बजे 34 मस्जिद ख्वाजा मुस्तफा साहब, मुगलपुरा सुबह 7ः45 बजे 35 मस्जिद मुश्ताक मंजिल सुबह 8ः00 बजे 36 मस्जिद यतीमखाना, फैजगंज सुबह 8ः00 बजे और 9ः00 बजे 37 जिगर कॉलोनी, जे ब्लॉक सुबह 8ः15 बजेडीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च- करीद को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। संभल में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए डीएम और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने नखासा और कोतवाली क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

पेड़, पंडाल और फिर मंदिर, बेकाबू डंपर ने मासूम समेत तीन को कुचला; अमरोहा हादसे में बड़ा खुलासा

अमरोहा में मंदिर पर रामायण पाठ में मौजूद श्रद्धालुओं को बेकाबू डंपर ने कुचल दिया। मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गई। डंपर के रौंदने से तीन की मौत और कई श्रद्धालुओं के घायल होने से फैली उत्तेजना के कारण अमरोहा देहात थाने के अलावा कई थानों की फोर्स मौके पर भेजी गई। अमरोहा के देहात थाना इलाके के कोठी खिदमतपुर के पास मंगलवार शाम करीब छह बजे हनुमान मंदिर में रामायण पाठ के समय परिसर और बाहर पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को एक डंपर ने रौंद दिया। इस हादसे में पांच वर्षीय बालक समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चपेट में आए कई लोग घायल हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। हादसे से आक्रोशित श्रद्धालुओं ने शव रखकर अमरोहा-कांठ रोड जाम कर दिया। मौके पर दौड़े आला अफसरों को जाम खुलवाने और भीड़ को शांत करने में दो घंटे मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि डंपर में बजरी भरी थी। मंदिर के पास से गुजरते समय अचानक अनियंत्रित हुए डंपर ने पहले पेड़ में टक्कर मारी और फिर मंदिर के आगे पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को कुचलते हुए मंदिर से टकराकर रुका।चालक डंपर से कूदकर भाग गया, जिससे डंपर बेकाबू होने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। इस हादसे में छावी गांव निवासी परम सिंह (70), नारायणपुर निवासी महिपाल (42) और रजबपुर थानाक्षेत्र के शहबाजपुर पट्टी निवासी आर्यवीर (5) की मौके पर ही मौत हो गई।मासूम आर्यवीर अपनी ननिहाल छावी गांव आया हुआ था और बड़े मंगल पर हो रहे पाठ में शामिल होने मंदिर पहुंचा था। हादसे में घायल हुए लोगों को पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई गई है।शवों को देखकर उत्तेजित हुए लोगों ने शाम को करीब 6.30 बजे महिपाल का शव अमरोहा-कांठ रोड पर रखकर जाम लगा दिया। हालात देख कई थानों की

पुलिस और जिला मुख्यालय के अफसर वहां पहुंच गए। गुस्साए लोग मृतकों के परिजनों को मुआवजा, भागे डंपर चालक को सजा समेत कई मांगें उठा रहे थे। अफसर बमुश्किल लोगों को समझाकर करीब 8.30 बजे जाम खुलवाने में कामयाब हो सके। उसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव कब्जे में लिए। तनाव और उत्तेजना देख क्षेत्र में अब भी पुलिस तैनात है, जबकि कुछ अफसरों की भी ड्यूटी लगाई गई है।उत्तेजना के साथ बढ़ते रहे अफसर- डंपर के रौंदने से तीन की मौत और कई श्रद्धालुओं के घायल होने से फैली उत्तेजना के कारण अमरोहा देहात थाने के अलावा कई थानों की फोर्स मौके पर भेजी गई। नौगावां सादात सीओ अवधभान भदोरिया, सीओ सिटी अभिषेक यादव, एसडीएम सदर सुनीता भी मौके पर पहुंचे। कुछ समय बाद डीएम और एसपी ने भी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया। अधिकारियों ने कहा कि डंपर चालक की तलाश के लिए टीमें सक्रिय की गई हैं।बड़े मंगल पर आयोजन में जुटे थे कई गांव के लोग- हनुमान मंदिर पर रामायण पाठ का आयोजन ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर किया जा रहा था। शाम करीब 5.30 बजे शुरू हुए पाठ में कोठी खिदमतपुर, नारायनपुर, छावी, चाऊपुरा समेत नजदीकी गांवों से आए श्रद्धालुओं की संख्या अधिक थी। इसके चलते मंदिर के बाहर पंडाल की व्यवस्था की गई थी। करीब छह बजे पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं को डंपर ने रौंदा तो चीख-पुकार और भगदड़ मच गई।पेड़ से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर मंदिर परिसर में घुसा, जांच जारी- मंदिर में हुए हादसे में अब बड़ा खुलासा सामने आया है। पुलिस जांच में पता चला है कि हादसे में शामिल डंपर हरियाणा नंबर का था, जो पहले सड़क किनारे एक पेड़ से टकराया था। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे मंदिर परिसर की ओर बढ़ गया, जहां उसने श्रद्धालुओं को कुचलते हुए गंभीर दुर्घटना को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और वाहन मालिक व चालक की तलाश की जा रही है। पल भर में मची चीख-पुकार- हनुमान मंदिर में चल रहे रामायण पाठ के दौरान श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति में लीन होकर पूजा-अर्चना में जुटे हुए थे। मंदिर परिसर में सन्नाटा और भक्ति का माहौल था, तभी अचानक सड़क की तरफ से तेज रफ्तार डंपर आ गया। अनियंत्रित वाहन ने देखते ही देखते भीड़ को कुचलना शुरू कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग कुछ समझ पाते और अपनी जान बचाने के लिए भागते, इससे पहले ही बड़ा हादसा हो चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी को संभलने या सुरक्षित स्थान पर जाने का समय तक नहीं मिला। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और श्रद्धालु जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया।डीएम ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश हनुमान मंदिर हादसे में जान गंवाने वाले परम सिंह और महिपाल सिंह के परिजनों को अब कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुआवजा प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने संबंधित तहसील अधिकारियों को तत्काल आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई पूरी कर लाभार्थी परिवारों को जल्द से जल्द सहायता राशि दिलाने के आदेश दिए हैं। डीएम कहना है कि प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी न हो, इसके लिए प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।मृतकों के परिजनों को दिया जाए 25-25 लाख- पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने एक्स पर पोस्ट कर चक-छाबी गांव में हादसे में तीन लोगों की मौत पर शोक जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मृतकों परिवार वालों को राहत कोष से 25-25 लाख रुपये की आर्थिक मदद की मांग की है।धेवते के साथ रहते थे परम सिंह, रामायण पाठ में गया मासूम भी हादसे का शिकार- हनुमान मंदिर में हुए हादसे में जान गंवाने वाले 70 वर्षीय परम सिंह छावी गांव के रहने वाले थे और वह अकेले रहते थे। परिवार में कोई करीबी सदस्य नहीं होने के कारण पिछले लंबे समय से उनके धेवते ही उनकी देखभाल कर रहे थे। हादसे में मृत 5 वर्षीय आर्यवीर अपनी मां के साथ रामायण पाठ में शामिल होने आया था और भक्ति के माहौल में बैठा था, तभी यह हादसा हो गया। वहीं तीसरे मृतक महिपाल सिंह पेशे से किसान थे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और मातम का माहौल है।

संक्षिप्त समाचार

रोडवेज और कार की भिड़ंत में छात्रा की मौत, दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोग घायल, लग गया जाम

मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर कुंदरकी क्षेत्र में रोडवेज और कार की भिड़ंत में सातवीं छात्रा की मौत हो गई। कार में सवार दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोग घायल हो गए। परिवार उत्तराखंड से कुलदेवी

के दर्शन के लिए संभल जा रहा था। मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर छिरावली के पास रोडवेज और कार की आमने-सामने भिड़ंत में एक छात्रा की मौत हो गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद अफरातफरी मचने से जाम लग गया।पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल स्थित एम ब्लॉक मोल धार निवासी परिवार कार से संभल जिले के कादराबाद स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में कुलदेवी के दर्शन और जात लगाने जा रहा था।सुबह मुरादाबाद की ओर जा रही रोडवेज बस से कार की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में कक्षा सात की छात्रा पायल (13) पुत्री रामदास की मौत हो गई। वहीं स्वाति (30) पत्नी राहुल, अमित (26) पुत्र रामविलास, नेहा (25) पत्नी अमित, रामविलास (60) पुत्र लल्लू, आरुष (2) पुत्र राहुल, रित्विक (1) पुत्र अनिल और रेखा (28) पत्नी अनिल घायल हो गए।सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि कार चला रहा अमित टिहरी में मशीन ऑपरेटर है। उसकी मंगलवार को ही शादी हुई थी। शादी के अगले दिन वह पत्नी और परिवार के साथ कुलदेवी के दर्शन के लिए निकला था लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस के मुताबिक हादसे के बाद रोडवेज बस चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संभल में बकरीद पर हाई अलर्ट: डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

बकरीद पर डीएम और एसपी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने कुर्बानी सार्वजनिक स्थानों पर न करने के निर्देश दिए हैं। बकरीद को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। संभल में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए डीएम और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने नखासा और कोतवाली क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।अधिकारियों ने बाजारों, संवेदनशील इलाकों और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लोगों से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और प्रभावी चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। जिससे की किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैल सके। बृहस्पतिवार को बकरीद मनाई जाएगी। गुन्नौर और गांव सैंजना मुस्लिम समेत करीब 30 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। त्योहार को लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। गुन्नौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि बकरीद के मद्देनजर 70 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्ट को निर्धारित गड्ढों में ही डालने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालकों को नोटिस जारी कर त्योहार के दौरान पशुओं को खुले में न छोड़ने की हिदायत भी दी गई है। बताया गया कि नगर गुन्नौर की आबादी करीब 50 हजार है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत मुस्लिम परिवार निवास करते हैं। नगर में जामा मस्जिद, सुन्नी नूरानी मदीना मस्जिद, लाल मस्जिद, मजनू शाह मस्जिद, दालान वाली मस्जिद, काजियान मस्जिद और रजा मस्जिद समेत 30 से अधिक मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

स्टेडियम नाइट्स और ब्लास्टर ने अपने अपने मैच जीते

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा / बरेली। स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में क्रिकेट कैंप स्टेडियम द्वारा आयोजित ग्राउंड वाले अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ जिसमें पहला मैच स्टेडियम स्मैशशर्स और स्टेडियम नाइट्स के बीच खेला गया टॉस जीतकर स्टेडियम इस ने 16 ओवर में सभी विकेट होकर 150 रन बनाएं जिसमें सबसे ज्यादा रन विवान गंगवार ने 30 और मोहम्मद अर्सल ने 16 रनों का योगदान दिया नाइट्स के लिए गेंदबाजी में फैजान ने चार इम्तियाज और हिमांशु मौर्य ने दो-दो विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम नाइट्स की टीम ने लक्ष्य 19.4 ओवर में 9 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया जिसमें कार्तिक गंगवार ने 39 हिमांशु मौर्य ने 31 आकाश गुप्ता ने 27 रनों की बहुमूल्य पारी खेली इसमेशर के लिए गेंदबाजी में विवान गंगवार ने हैट्रिक लगाते हुए तीन मोहम्मद अरशद ने दो विकेट प्राप्त किया इस प्रकार यह मैच स्टेडियम नाइट्स ने एक विकेट से जीतकर अपने नाम किया अंत में आज के प्लेयर ऑफ द मैच संयुक्त रूप से दो खिलाड़ी को दिया गया एक हिमांशु मौर्य और दूसरे विवान गंगवार को दिया गया आज का दूसरा मैच स्टेडियम किंग्स और स्टेडियम ब्लास्ट के बीच खेला गया जिसमें ब्लास्टर ने किंग्स को 94 रनों से हराकर अपने मैच जीता टॉस जीतकर ब्लास्टर के कप्तान हिमेश गंगवार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट होकर 192 बनाए जिसमें सर्वाधिक रन बिजनेस ने नाबाद 79 कप्तान हिमेश कुमार गंगवार ने 42 रनों का योगदान दिया किंग्स के लिए गेंदबाजी में बशर मयंक ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग्स की पूरी टीम 15 पॉइंट तीन ओवर में मात्र 98 रन पर ढेर हो गई जिसमे सुमित मौर्या और प्रकाश पटेल ने 16 रनों का योगदान दिया ब्लास्ट के लिए गेंदबाजी में राजवीर सुबोध और बिजनेस ने दो-दो विकेट प्राप्त किया अंत में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बिजनेस को उनकी हरफ़नमौला प्रदर्शन के लिए दिया गया। इससे पूर्व आज प्रतियोगिता का उद्घाटन रेलवे इज्जतनगर के क्रीड़ा अधिकारी श्री राजकुमार एवं एस आर डी स्पोर्ट्स के ओनर अंबुज द्विवेदी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया इस अवसर पर मुस्तकीम सोनू श्रोत्रिय मोहम्मद कमर अब्दुल जीशान कैफ मनोज सागर बंटी मौर्य अंशु दिवाकर कबीर नियाजी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे टूर्नामेंट आ योजन के अनुसार कल दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच रहा था 7-00 बजे से और दूसरा मैच दोपहर 3-00 बजे से खेला जाएगा

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच/ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में रेड क्रॉस समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समिति की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस समिति समाजसेवा और जनहित के महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ी संस्था है, इसकी गतिविधियों का संचालन पूर्ण पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर एवं अन्य कार्यक्रम की सूचना सभी सदस्यों को ससमय उपलब्ध कराई जाए। बैठक में समिति के नवीन गठन के संबंध में भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समिति का नया गठन निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप समयबद्ध ढंग से कराया जाए। साथ ही समिति में सक्रिय, समाजसेवा के प्रति समर्पित एवं योग्य व्यक्तियों को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता एवं सेवाएं प्रभावी ढंग से पहुंचनी चाहिए तथा समिति की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, संबंधित अधिकारी एवं समिति से जुड़े पदाधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे।

बिजली कटौती से फीकी पड़ रही सोने की चमक, स्वर्णकारी का काम हो रहा प्रभावित

बरेली में भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती से सराफा कारोबार से जुड़े कारीगरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इससे सोने के गहने बनाने का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।बरेली में भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती ने सराफा कारोबार से जुड़े कारीगरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिना कूलर और पंखे के बंद कमरों में स्वर्णकारी की जाती है। दिन में 40 डिग्री से अधिक पारा होने के चलते काम करना संभव नहीं होता। रात में बिजली कटौती के चलते काम प्रभावित हो रहा है। इसका असर सोने की चमक पर भी पड़ रहा है।कारोबारियों के मुताबिक, शहर में स्वर्णकारी का काम छोटी बमनपुरी, बड़ी बमनपुरी और पुराना शहर में होता है। इन इलाकों में सघन बस्ती है। गर्मी के लोकल फाल्ट के चलते बिजली गुल होने की समस्या भी सबसे ज्यादा इन्हीं इलाकों में रहती है। रात में भी बमुश्किल चार से पांच घंटे ही बिजली मिलती है। वोल्टेज घटने-बढ़ने से स्वर्णकारी आशंका रहती है। भरपूर जल्द डिस्चार्ज हो जाते फिलहाल कोई त्योहार और दिनों के ऑर्डर इसी दौरान ग्राहकों को गहने मिल सकें।

संबंधी उपकरणों के फुंकने की बिजली न आने से इन्वर्टर भी हैं।कारीगरों ने बताया कि सहालग सीजन न होने से आगामी बनाए जाते हैं ताकि समय पर लेकिन बिजली बाधित होने से सामान्य दिनों में चार दिन में तैयार होने वाले ऑर्डर को बनाने में आठ से दस दिन लग रहे हैं। बार-बार बिजली गुल होने से काम में निखार भी कम आ पा रहा है।जनरेटर चलाएंगे तो खर्चा निकालना होगा मुश्किल-स्वर्णकार दिनेश वर्मा के मुताबिक, सोने के दाम पहले ही डेढ़ लाख के पार हैं। डीजल की कीमत भी बढ़ती जा रही है। गहनों की मेकिंग अगर जनरेटर चलाकर होगी तो मुनाफा तेल में ही निकल जाएगा। कारीगरों को मेहनताना दे पाना भी कठिन होगा। गर्मी के चलते दिन में काम के बजाय देर रात तक ज्वेलरी पॉलिशिंग, डिजाइनिंग, फिनिशिंग का काम कर रहे हैं, ताकि ऑर्डर समय पर पूरे किए जा सकें। धीमी पड़ रही काम की रफ्तार, नोकझोंक की नौबत- स्वर्णकार विशाल रस्तोगी के मुताबिक, बिजली गुल रहने से सुनारी काम की रफ्तार धीमी पड़ गई है। हालात यह हैं कि आभूषणों के ऑर्डर समय पर तैयार नहीं हो पा रहे हैं, जिससे स्वर्णकार और सराफा कारोबारियों के बीच नोकझोंक की नौबत आ रही है। ग्राहक तय तारीख पर ही ऑर्डर लेने पहुंचते हैं लेकिन उत्पादन प्रभावित होने से समय पर डिलीवरी मुश्किल हो रहा है। अफसरों के सामने उठा मुद्दा, स्थिति बदहाल- बरेली सराफा एसोसिएशन के महामंत्री दिनेश अग्रवाल के मुताबिक सोने-चांदी के आभूषण बनाने में लगातार बिजली मिलना जरूरी है। कास्टिंग, डाई कटिंग, पॉलिशिंग, डिजाइनिंग जैसे तमाम काम मशीनों पर निर्भर हैं। बार-बार बिजली जाने से काम बीच में रुकता है, गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। पूर्ति की मांग की है पर अब तक कोई सुधार नहीं हुआ।

न्यूरिया थाने की ओर से राहगीरों के लिए लगाया गया प्याऊ

क्यूँ न लिखूँ सच/ मोहम्मद सलीम / उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत में भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए न्यूरिया थाना पुलिस की ओर से मानवता और जनसेवा की मिसाल पेश की गई। थाना परिसर के बाहर आम राहगीरों, वाहन चालकों और क्षेत्रीय लोगों के लिए ठंडे पानी और बेल के जूस का प्याऊ लगाया गया, जहां लोगों को शीतल जल एवं बेल का जूस पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई जा रही है। थाना प्रभारी सुभाष मावी एवं दरोगाओं के

साथ पुलिसकर्मियों ने राह चलते लोगों को रुकवाकर पानी एवं बेल का जूस पिलाया और गर्मी से बचाव के लिए जागरूक भी किया। इस पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नहीं बल्कि समाज सेवा में भी लगातार आगे आ रही है। प्याऊ पर आने वाले लोगों के लिए साफ-सफाई और ठंडे पानी की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि भीषण गर्मी में किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस की इस सराहनीय पहल से लोगों को काफी राहत मिल रही है।

बहू ने पीटा तो सास ने खाया जहर, जिला अस्पताल में भर्ती; पिटाई का वीडियो वायरल

बरेली के मलूकपुर में एक महिला ने अपनी सास की पिटाई कर दी, जिससे आहत होकर सास ने जहरीला पदार्थ कर लिया। पीड़ित ने बेटे पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।बरेली के किला थाना क्षेत्र के मलूकपुर में घरेलू विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। बेटे और बहू की कथित प्रताड़ना से परेशान होकर 58 वर्षीय अनुपम रस्तोगी ने बुधवार को जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही हैजिला अस्पताल में अनुपम के पति राजीव रस्तोगी ने जानकारी दी कि उनका छोटे बेटा और बहू मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। इस बात को लेकर आए दिन घर में विवाद होता रहता था। आरोप है कि कई बार बेटे और बहू ने उनके साथ मारपीट भी की, जिसकी शिकायत किला थाने में की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।बहू ने पीटा तो खाया जहर - बुधवार को एक बार फिर विवाद बढ़ गया। झगड़े के दौरान बहू ने अनुपम रस्तोगी की पिटाई कर दी। इससे आहत होकर अनुपम रस्तोगी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पति और छोटी बेटी उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इधर, बहू द्वारा अनुपम रस्तोगी की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पति राजीव रस्तोगी की शिकायत और वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी पुत्र और बहू के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

बरेली में दर्दनाक हादसा: उल्टी आने पर ट्रेन के दरवाजे से गिरी विवाहिता, पोल से टकराया सिर, मौके पर मौत

बरेली के भमोरा इलाके में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। अपने परिवार के साथ पूर्णागिरी धाम से लौट रही विवाहिता चलती ट्रेन से गिर गई। उसका सिर पोल से टकराया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बरेली में पूर्णागिरी देवी के दर्शन कर लौट रही 25 वर्षीय महिला की बुधवार सुबह ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। यह घटना भमोरा थाना क्षेत्र में रम्पुरा अंडरपास के पास हुई। महिला गर्मी और उमस के कारण उल्टी करने के लिए ट्रेन के दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान हादसा हो गया।मृतक महिला

की पहचान बदायूं के कादरचौक थाने के गांव बमनौसी निवासी खुशबू गुप्ता के रूप में हुई है। वह अपने पति अंकित माहेश्वरी और मां के साथ यात्रा कर रही थी। खुशबू नवंबर में ही शादी के बंधन में बंधी थी। ट्रेन से गिरने के बाद उसका सिर लोहे के पोल से टकरा गया। उसे गंभीर चोटें आईं। अत्यधिक खून बहने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भमोरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।ऐसे हुआ हादसा - खुशबू गुप्ता पूर्णागिरी देवी के दर्शन कर अपने घर लौट रही थीं। यात्रा के दौरान उन्हें गर्मी और उमस के कारण जी मिचलाने लगा। उल्टी आने की बात कहकर वह ट्रेन के दरवाजे पर बैठ गई थीं। इसी दौरान वह अचानक ट्रेन से नीचे गिर गईं। उनके सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज के वक्त का एलान, बाजार में छाई रौनक

